# ई–न्यूज लेटर मार्च 2019

नगर पालिका परिषद हापुड़ द्वारा माह मार्च 2019 मे नगर के विभिन्न स्थानों एवं वार्डो मे सफाई कार्य कराया जा रहा है।

नगर की पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु मौहल्ला आवास विकास कालोनी, बु0शहर रोड पर पेयजल नलकूप को स:समय पर मरम्मत का कार्य।

नगर क्षेत्र मे ग्रीन स्पेश को बढ़ावा देने हेतु रेलवे रोड़ स्थित डिवाईडरों पर लगे पौधों को नियमित पानी देने का कार्य।

# होली पर जनता को मिलेगा 24 घंटे पानी:ईओ

- टयूबैलों पर किराये के लगाये जायेंगे जनरेटर
- जलकल विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की डयूटी लगाई

ईओ जेके आनंद

जू.इंजी.आश कुमार

अ.हि.ब्यूरो,हापुड़। रंगों के त्यौहार होली पर शहर की जनता को 24 घंटे पानी मिलेगा। इसके लिए नगर पालिका परिषद के अधिकारियों ने कमर कस ली है। नगर पालिका परिषद द्वारा टयूबैलों पर किराये के जनरेटर लगाये जायेंगे। किसी भी दशा में पानी की आपूर्ति बाधित नहीं होने दी जायेगी। आपको बता दें कि रिमझिम फुहारों व रंगों के त्योहार होली पर पानी की सबसे अधिक आवश्यकता पड़ती है। पानी की आपूर्ति करने का दायित्व नगर पालिका परिषद का होता है। नगर क्षेत्र में पानी की सप्लाई करने के लिए नगर पालिका परिषद की 39 टयूबैल संचालित हैं। जिसके द्वारा उपभोक्ताओं को पानी की सप्लाई की जाती है। कुछ टयूबैल पर पालिका के जनरेटर लगे हुए है। जहां बिजली आपूर्ति नहीं होने से जनरेटर चलाकर जनता को पेयजल की सप्लाई की जाती है। होली पर पानी की खपत को देखते हुए पालिका अधिकारियों ने कमर कस ली है। जलकल विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों की डयूटी लगाई जा रही है। साथ ही उन्हें निर्देशित भी किया जा रहा है,होली पर लोगों को भरपूर मात्रा में पानी की सप्लाई होनी चाहिए,किसी भी दशा पानी की आपूर्ति बाधित नहीं होनी चाहिए। नगर पालिका परिषद जलकल विभाग के अवर अभियंता आश कुमार ने बताया कि होली पर पानी की खपत को देखते हुए मोहल्ला फूलगढ़ी व चाहकमाल स्थित टयूबैल पर किराये के जनरेटर लगाये जा रहे है,बिजली नहीं होने की स्थिति में जनरेटर शुरू कर पानी की आपूर्ति की जा सके। 20 टयूबैलों पर नगर पालिका के जनरेटर लगे हुए है। नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी जितेन्द्र कुमार आनंद ने बताया कि होली के मद्देनजर शहर की जनता को 24 घंटे पेयजल आपूर्ति करने में कोई परेशानी नहीं हो,इसके लिए पालिका के जलकल विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की डयूटी लगाई जा रही है।